# University in News on 25 July 2025

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### लविवि: छात्रावास में आवंटन शुरू

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कैलाश, तिलक और चंद्रशेखर आजाद छात्रावास में पुनः आवंटन की प्रकिया शुरू कर दी गई है। चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह ने बताया कि फीस एक अगस्त तक जमा कर सकते हैं। बृहस्पतिवार को कैलाश छात्रावास में एमए, एमकॉम, एमएससी, एमपीएड, एमबीए, एमएड, बीएड के साथ ही बी कॉम पंचम सेमेस्टर, बीपीएड तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं का पुनः आवंटन किया गया। तिलक छात्रावास में बीए तृतीय व पंचम सेमेस्टर, बीकॉम तृतीय सेमेस्टर, बीबी ए तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं को कक्ष आवंटित किया गया। चंद्रशेखर आजाद छात्रावास में बीएससी तीसरे व पांचवें सेमेस्टर की छात्राओं को कक्ष आवंटित किया गया। (माई सिटी रिपोर्टर)

### होम्योपैथी की बेहतर दवाओं के लिए शोध करेंगे लविवि के छात्र, सीसीआरएच से हुआ समझौता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में अब होम्योपैथी की दवाओं में गुणवत्ता बढ़ाने के लिए छात्र शोध कर सकेंगे। इसके लिए विश्वविद्यालय और केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (सीसीआरएच) के मध्य समझौता हुआ है। अब बॉटनी विभाग के छात्रों के लिए रिसर्च का रास्ता आसान हो सकेगा। बॉटनी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. गौरी सक्सेना ने बताया कि अब औषधीय पौधों के माध्यम से दवाओं को और बेहतर बनाने के लिए रिसर्च की जाएगी। इस प्रोजेक्ट के लिए 77 लाख रुपये का अनुदान भी विवि को दिया गया है। इस दौरान कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व सीसीआरएच के महानिदेशक डॉ. सुभाष कौशिक मौजूद रहे। (संवाद)

### लविवि: प्रो. अजय कुमार बने जियोलॉजी विभाग के निदेशक

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बृहस्पतिवार को प्रो. अजय कुमार आर्या को इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोकार्बन एंड जियोरिसोर्सेज में जियोलॉजी विभाग का निदेशक नियुक्त किया। विवि की रजिस्ट्रार डॉ.भावना मिश्रा ने बताया कि प्रो. अजय कुमार का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

## JAGRAN CITY PAGE III

### केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद व लवि में एमओयू

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (सीसीआरएच) नई दिल्ली के साथ एमओयू किया। इसके तहत विश्वविद्यालय का वनस्पति विज्ञान विभाग होम्योपैथी के पौधों पर जांच करेगा, जिससे दवाओं के मानकीकरण में मदद मिलेगी।

लवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं सीसीआरएच के महानिदेशक डा. सुभाष कौशिक ने आपसी समझौता ज्ञापन का औपचारिक आदान-प्रदान किया। समझौते पर सीसीआरएच के महानिदेशक डा. सुभाष कौशिक और लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलसचिव डा. भावना मिश्रा ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर विज्ञानी डा. दिग्विजय वर्मा, लवि के वनस्पति विज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रो. गौरी सक्सेना, केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान, लखनऊ के प्रभारी अधिकारी डा. लिपि पुष्पा, डा. रोजा आदि उपस्थित रहे।

### प्रो. अजय आर्य बने निदेशक

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के भूगर्भ विज्ञान विभाग के प्रोफेसर अजय आर्य को इंस्टीट्यूट आफ हाइड्रोजन एंड जियो-रिर्सोसेज, ओएनजीसी विल्डिंग का निदेशक बनाया गया है। उनका कार्यकाल तीन साल या अन्य आदेश होने तक मान्य होगा। कुलपति के आदेश पर कुलसचिव डा. भावना मिश्रा ने पत्र जारी कर दिया है।

### हिंदी विभाग में हुआ व्याख्यान

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग में डा. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल स्मृति व्याख्यान माला का शुभारंभ हुआ। डा. बड़थ्वाल भारत में हिंदी के प्रथम डीलीट थे। वह लवि के हिंदी विभा में शिक्षक भी रहे। गुरुवार को उनकी पुण्यतिथि पर आयोजित व्याख्यान माला में 50 से अधिक शोधार्थी, विभागाध्यक्ष प्रो. पवन अग्रवाल, प्रो. रश्मि कुमार, प्रो. अलका पांडे आदि उपस्थित रहे।

## AMRIT VICHAR PAGE 6

### लविवि में परास्नातक छात्रों को मिला हॉस्टल

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के विभिन्न छात्रावासों में आवंटन प्रक्रिया के अंतर्गत कैलाश छात्रावास में एमए, एमकॉम, एमएससी, एमपीएड, एमवीए, एमएड, बीएड, तृतीय सेमेस्टर, बीकॉम पंचम सेमेस्टर, बीपीएड तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं को आवंटन किया गया। तिलक छात्रावास में बीए तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर, बीकॉम तृतीय सेमेस्टर, बीवीए तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं को कक्ष आवंटित किया गया। चंद्रशेखर आज़ाद छात्रावास में बीएससी तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर की छात्राओं का आवंटन किया गया। आज आवंटित विद्यार्थियों के लिए हॉस्टल फ़ीस जमा करने की अंतिम तिथि 01 अगस्त है। चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह ने बताया कि आवंटन संबंधी सूचना एवं लिस्ट विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। हॉस्टल में कक्ष आवंटन के समय माता पिता तथा स्थानीय संरक्षक को साथ लाना अनिवार्य है।

### टैगोर पुस्तकालय में संगीत का डिजिटल संरक्षण होगा

अमृत विचार, लखनऊ : लविवि के टैगोर पुस्तकालय को डिजिटली समृद्ध करने के लिए मोबाइल एप विकसित किया जा रहा है। इसके अलावा सांस्कृतिक और शैक्षिक माहौल को बढ़ाने के लिए प्रस्तावित स्वर सेतु लाइब्रेरी म्यूजिक कम डिजिटल मीडिया सेंटर का जल्द ही निर्माण कर लिया जाएगा। इसके लिए प्रस्ताव तैयार है जो लाइब्रेरी कमेटी की बैठक में मंजूरी के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। संगीत और डिजिटल मीडिया के संरक्षण, अध्ययन और अन्वेषण के लिए यह ऐसा स्थान होगा, जहां पारंपरिक ज्ञान प्रणाली डिजिटल टूल से मिलेगी।

### सीसीआरएच-लविवि करेंगे पौधों का मानकीकरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ विश्वविद्यालय और सीसीआरएच के बीच हुआ समझौता
- पादप आधारित औषधियों के औषधि मानकीकरण में अध्ययनों को बढ़ावा मिलेगा



एमओयू के अवसर पर कुलपति व सीसीआरएच के अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** केंद्रीय आयुष मंत्रालय के अंतर्गत शोध के लिए समर्पित संस्था केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (सीसीआरएच) और लखनऊ विश्वविद्यालय ने औषधीय पौधों के मानकीकरण के लिए समझौता ज्ञापन किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व सीसीआरएच के महानिदेशक डॉ. सुभाष कौशिक ने आपसी समझौता ज्ञापन का औपचारिक आदान-प्रदान किया। समझौते पर सीसीआरएच के महानिदेशक डॉ. सुभाष कौशिक और विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा द्वारा हस्ताक्षर किए गए।

इस समझौते के तहत सीसीआरएच और लखनऊ विश्वविद्यालय के मध्य समझौता ज्ञापन से पादप आधारित औषधियों के औषधि मानकीकरण में अध्ययनों को बढ़ावा मिलेगा। समझौता ज्ञापन के लिए सीसीआरएच मुख्यालय से समन्वयन डॉ. दिग्विजय वर्मा वैज्ञानिक और लखनऊ विश्वविद्यालय वनस्पति विज्ञान से डॉ. गौरी सक्सेना द्वारा किया गया। केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान लखनऊ के प्रभारी अधिकारी डॉ. लिपि पुष्पा, डॉ. रोजा वाराणसी, वैज्ञानिक-IV व डॉ. अमित श्रीवास्तव, वैज्ञानिक-II, प्रो. शालिनी श्रीवास्तव, प्रो. एसएन पाण्डेय, डॉ. प्रवीन गुप्ता और डॉ. कविता अरोड़ा मौजूद रहे।

### डॉ. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल पर व्याख्यानमाला शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** हिंदी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग में डॉ. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल स्मृति व्याख्यान माला का शुभारंभ हुआ। बड़थ्वाल भारत में हिंदी के प्रथम डीलीट के नाते जाने जाते हैं। बड़थ्वाल हिंदी व आधुनिक भारतीय भाषा विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय में शिक्षक रहे।

24 जुलाई को उनकी पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में आयोजित इस व्याख्यान माला में 50 से अधिक शोधार्थी, विभाग के शिक्षकों प्रो. पवन अग्रवाल, प्रो. रश्मि कुमार, प्रो. अलका पांडे, प्रो. हेमांशु सेन, डॉ. ममता तिवारी, डॉ. अनुपम पटेल डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह, डॉ. सीमा यादव सहित भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. आरपी गंगवार व लखनऊ के प्रतिष्ठित कॉलेज महाराजा बिजली पासी पीजी कॉलेज की डॉ. रचना भी उपस्थित थे।

## VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

### सीसीआरएच और लविवि के बीच समझौता

विशेष संवाददाता (vol)



- औषधि मानकीकरण में अध्ययनों को मिलेगा बढ़ावा

लखनऊ। सीसीआरएच और लखनऊ विश्वविद्यालय के बीच केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (सीसीआरएच), नई दिल्ली ने गुरुवार को लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के साथ परियोजना आधारित समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं सीसीआरएच के महानिदेशक डॉ. सुभाष कौशिक ने आपसी समझौता ज्ञापन का औपचारिक आदान-प्रदान किया। समझौते पर सीसीआरएच के महानिदेशक डॉ. सुभाष कौशिक और लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा द्वारा हस्ताक्षर किये गये।

समझौता ज्ञापन के लिए सीसीआरएच मुख्यालय से समन्वयन डॉ. दिग्विजय वर्मा वैज्ञानिक-कएवं लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ से डॉ. गौरी सक्सेना, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान द्वारा किया गया। अन्य अधिकारियों के रूप में केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान, लखनऊ के प्रभारी अधिकारी, डॉ. लिपि पुष्पा, डॉ. रोजा वाराणसी, वैज्ञानिक-क्ष तथा डॉ. अमित श्रीवास्तव, वैज्ञानिक-क्क सहित परिषद एवं संस्थान के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के वनस्पति विज्ञान विभाग से प्रो. शालिनी श्रीवास्तव, प्रो. एसएन पाण्डेय, डॉ. प्रवीन गुप्ता और डॉ. कविता अरोड़ा मौजूद रहे।

डॉ. सुभाष कौशिक, महानिदेशक, सीसीआरएच ने अपनी टीम के साथ लखनऊ विश्वविद्यालय के टैगोर पुस्तकालय और वनस्पति विभाग स्थित संजीवनी - हर्बल गार्डन का भी भ्रमण किया।

सीसीआरएच और लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के मध्य समझौता ज्ञापन से पादप आधारित औषधियों के औषधि मानकीकरण में अध्ययनों को बढ़ावा मिलेगा।

### छात्रावास छात्राओं को किया गया आवंटित

लखनऊ विश्वविद्यालय के विभिन्न छात्रावासों में पुनः आवंटन प्रक्रिया के अंतर्गत गुरुवार को कैलाश छात्रावास में एमए, एमकॉम, एमएससी, एमपीएड, एमवीए, एमएड, बीएड, तृतीय सेमेस्टर, बीकॉम पंचम सेमेस्टर, बीपीएड तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं का पुनः आवंटन किया गया। तिलक छात्रावास में बीए तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर, बीकॉम तृतीय सेमेस्टर, बीवीए तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं को कक्ष आवंटित किया गया। चंद्रशेखर आजाद छात्रावास में बीएससी तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर की छात्राओं का आवंटन किया गया। गुरुवार को आवंटित विद्यार्थियों के लिए हॉस्टल फीस जमा करने की अंतिम तिथि 01 अगस्त है। चीफ प्रोवोस्ट प्रो अनूप कुमार सिंह ने बताया कि आवंटन संबंधी सूचना एवं लिस्ट विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। हॉस्टल में कक्ष आवंटन के समय माता पिता तथा स्थानीय संरक्षक को साथ लाना अनिवार्य है।